# अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 28 अक्तूबर 2025


**PAGE NO : 04 BOTTOM**

प्रतियोगिता

टूर्नामेंट में आज खेले जाएंगे सेमीफाइनल मुकाबले

## एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी व क्रिकेट नर्सरी ने दर्ज की जीत

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को दो मुकाबले खेले गए। इस दौरान एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने सात विकेट और क्रिकेट नर्सरी ने पांच विकेट से जीत अपने नाम की।

पहले मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरबीएमआई अकादमी ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 83 रन बनाए। आयुष कुमार ने 60 रनों का योगदान दिया। उन्हें छोड़कर टीम का कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया।

एसआरएमएस की ओर से जागवान और नरेंद्र ने दो-दो विकेट लिए। एसआरएमएस अकादमी ने लक्ष्य को 12.6 ओवरों में तीन विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। 34 रन बनाने वाले अभिमन्यु ज्वाला को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मैच में बरेली चैंप्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 16.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 85 रन बनाए। क्रिकेट नर्सरी के लिए कश्यप, आकाश और सुधाकर ने दो-दो विकेट झटके। क्रिकेट नर्सरी ने लक्ष्य को 16.4 ओवर में पांच विकेट खोकर प्राप्त कर लिया।

इससे पूर्व मैच का उद्घाटन वरिष्ठ समाज सेवी एवं अनुष्का ट्रस्ट के ट्रस्टी राकेश पटेल व क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर एसआरएमएस अकादमी के कोच अनुज शर्मा, ओपी कोहली, चंचल उपाध्याय, राजीव सैनी, मो. यूसुफ, अबसर खान, अब्दुल जीशान आदि उपस्थित रहे। क्रिकेट कोच नितेश भारद्वाज ने बताया कि मंगलवार को दोनों सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे।

### टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

बरेली। बालिकाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के लिए पहली बार एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी वूमेन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट 28 अक्तूबर (मंगलवार) से 31 अक्तूबर तक एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होगा। एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्घाटन मंगलवार सुबह नौ बजे एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी और दिल्ली वूमेंस के बीच मैच से होगा। टूर्नामेंट में बरेली, देहरादून, हल्द्वानी और एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी की टीमें भाग लेंगी। प्रत्येक टीम अन्य टीमों के साथ एक-एक मैच खेलेगी। पहले दो स्थानों पर रहने वाली टीमों को फाइनल में खेलने का मौका मिलेगा। फाइनल में विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 25,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि रनर अप टीम को 15000 रुपये और रनर अप ट्रॉफी दी जाएगी। फाइनल मैच 31 अक्तूबर को सुबह नौ बजे खेला जाएगा। संवाद